खबर संक्षेप

पिछले साल की तुलना में इस साल 19.2 फीसदी कम वर्षा

कटनी। जिले में 1 जून से 29 अक्टूबर तक कुल 943.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 1166.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1483.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 1181.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। कटनी तहसील में 872 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रीठी में 1121.9 मिमी, बड़वारा तहसील में 732.9 मिमी बरही तहसील में 783 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 1005.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 855.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1181.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 989.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

राज्य स्तरीय मोगली उत्सव में आकाश का हुआ चयन

बरही। लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल द्वारा करेला के शासकीय संदीपनी विद्यालय के प्रतिभागी छात्र आकाश दुबे पिता राकेश दुबे कक्षा 12वीं का राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2026के आयोजन चयनित हुआ यह तीन दिवसीय आयोजन 2नवंबर से 4नवंबर 2026 तक पेंच आभयरण सिवनी में आयोजित होना है कटनी जिले के सहभागिता छात्र भाग लेंगे। प्राचार्य आर के शुक्ला, शिक्षक अमित सोनी के प्रोत्साहन एवं सहयोग से संस्कृति गतिविधियों प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

किसान सम्मान निधि की राशि आज होगी अंतरित

कटनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार, 30 अक्टूबर को गुजरात के बनासकांठा से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के खातों में 24वीं किस्त की राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। उत्सव दिवस के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर और बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में भी प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ सकें। आयोजन में स्थानीय सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा।

लापता महिला को सकुशल परिजनों से मिलाया

कटनी। वन स्टॉप सेंटर की टीम ने एक महिला को चंद घंटों में सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी विजयराघवगढ़ संतोष अग्रवाल ने देर शाम कटनी बस स्टैंड पर महिला को अकेले भटकते हुए देखा। उन्होंने तत्काल जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास को इसकी सूचना दी। सहायक संचालक सुश्री वनश्री कुर्वेती ने वन स्टॉप सेंटर की टीम को महिला की सहायता के लिए रवाना किया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती शैली तिवारी एवं उनकी टीम ने महिला से बातचीत की। महिला ने स्वयं को लखेरा क्षेत्र का निवासी बताया, लेकिन अपने घर का स्पष्ट पता नहीं बता सकी। इसके बाद विभागीय टीम ने पुलिस से समन्वय स्थापित किया और महिला को लेकर लखेरा क्षेत्र पहुंची। स्थानीय लोगों से पूछताछ कर महिला को उसके घर पहुंचाया।

कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर टास्क फोर्स की निर्णायक की गई कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन को रोकने आधा दर्जन घाटों में रास्तों को कराया गया बंद

बड़वारा क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन को रोकने विधायक ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए रेत माफिया की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिला टास्क फोर्स ने बड़वारा तहसील के चिह्नित रेत घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को जेसीबी मशीनों से खुदवाकर अवरुद्ध कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे वाहनों की आवाजाही रोकना है।

बड़वारा क्षेत्र के चिन्हित घाटों पर संयुक्त टीम की दबिश

अवैध रेत उत्खनन की गतिविधियों पर



प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़वारा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भुड़सा संगम घाट, नौवा घाट, विलायतखुर्द, देवरी और गुड़ाकला सहित अन्य चिह्नित रेत घाटों पर कार्रवाई की गई। घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों को जेसीबी से खुदवाकर बंद किया गया, ताकि इन रास्तों से भारी वाहनों की आवाजाही रोककर अवैध रेत परिवहन पर अंकुश लगाया जा सके।

जिले में रेत के अवैध उत्खनन पर प्रशासन की पैनी नजर

जिला प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और खनिजों के अनधिकृत कारोबार के विरुद्ध लगातार निगरानी रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध खनिज अधिनियम एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जांच और कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी कमलकांत परस्ते एवं पवन कुशवाहा, बड़वारा तहसीलदार ऋषि गर्ग तथा थाना प्रभारी सुयश पांडे सहित प्रशासन और पुलिस का अमला मौजूद रहा।

हाईवे के ढाबों और होटलों में दबिश, छह प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में आबकारी विभाग की टीम ने वृत्त कटनी क्रमांक-1 एवं 2 के अंतर्गत विभिन्न होटलों और हाईवे किनारे संचालित ढाबों पर दबिश देकर आबकारी एक्ट के छह प्रकरण पंजीबद्ध किए।

जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि अभियान के तहत माधवनगर, कटनी कैम्प, पन्ना मोड़, चाका बाईपास और लमतरा रोड स्थित होटलों एवं ढाबों की सघन जांच की गई। इस दौरान अवैध मदिरा से संबंधित गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए यह कार्रवाई की गई।

रात में अवैध मदिरा गतिविधियों पर विशेष नजर

आबकारी विभाग की टीम ने ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी कि विशेषकर रात के समय ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान तथा अवैध शराब के विक्रय जैसी गतिविधियां संचालित न होने दें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में की गई। इसमें वृत्त कटनी क्रमांक-1 के प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण रतन बरकड़े, वृत्त क्रमांक-2 के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार सहित अन्य आबकारी स्टाफ शामिल रहा। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री मरकाम ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अलग-अलग टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। संबंधित वृत्त प्रभारियों द्वारा भी अपने क्षेत्रों में जांच और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

मारपीट के आरोपी की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के अमीरगंज में मारपीट के मामले में आरोपी शिवम उर्फ शुभम गुप्ता को न्यायालय से राहत नहीं मिली। भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 351(2), 119(1) एवं 3(5) के तहत दर्ज मामले में आरोपी की ओर से नियमित जमानत आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

29 अक्टूबर 2026 को चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय कटनी में जमानत आवेदन पर सुनवाई हुई। आरोपी की ओर से अधिवक्ता मोनू सोनी, राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक के.के. तिवारी और फरियादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता यश खरे उपस्थित हुए।

सुनवाई के दौरान फरियादी पक्ष के अधिवक्ता यश खरे ने जमानत आवेदन का विरोध करते हुए न्यायालय के समक्ष घटनास्थल का वीडियो प्रस्तुत किया। उन्होंने वीडियो के माध्यम से फरियादी के साथ हुई कथित मारपीट की घटना को न्यायालय के संज्ञान में लाते हुए आरोपी को जमानत दिए जाने का विरोध किया। न्यायालय को यह भी बताया कि फरियादी विकलांग है और घटना में घायल होने के बाद आज भी अपना उपचार करा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य आरोपी के फरार होने की स्थिति तथा आरोपियों के पूर्व आपराधिक मामलों का हवाला देते हुए तर्क रखा कि ऐसी परिस्थितियों में आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए।

न्यायालय के आदेश के अनुसार, पुलिस रिपोर्ट में आरोपी के विरुद्ध पूर्व में तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई। फरियादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और जमानत के विरोध में रखे गए तर्कों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने 29 अक्टूबर 2026 को आरोपी शिवम उर्फ शुभम गुप्ता का नियमित जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। इस मामले में फरियादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता यश खरे ने घटनास्थल के वीडियो, फरियादी की दिव्यांगता, जारी उपचार और आरोपी के आपराधिक पूर्ववृत्त को प्रमुखता से न्यायालय के समक्ष रखते हुए जमानत का पुरजोर विरोध किया।



चांडक चौक में अनियंत्रित हुई बस को स्टॉपर की मदद से रोका

कटनी। नगर के अतिव्यस्त क्षेत्र चांडक चौक स्थित ब्रिज के पास तकनीकी खराबी के कारण बस अनियंत्रित हो गई। पुलिसकर्मियों की तत्परता से हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार बस के अनियंत्रित होने की स्थिति पर एएसआई संदीप वाल्मीक एवं यातायात कर्मियों ने तत्काल सतर्कता दिखाई। बेरिकेडिंग के लिए लगाए गए स्टॉपर की सहायता से बस को आगे बढ़ने से रोक लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि घटना के समय बस में कोई यात्री सवार नहीं था। यदि समय रहते बस को नहीं रोका जाता तो कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। यातायात पुलिसकर्मियों की सूझबूझ और तत्परता से स्थिति को संभाल लिया गया।

ईव्हीएम वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने गुरूवार को मासिक निरीक्षण के तहत कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सील, अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए वेयरहाउस को पुनः सीलबंद किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मासिक निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करना तथा सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखना है। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रतिनिधि दीपक तिवारी एवं सौरभ अग्रवाल, बसपा जिलाध्यक्ष डी.सी. राम एवं धनीराम चौधरी, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी, अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, पति की लंबी उम्र एवं सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम एवं खुशहाली की कामना को लेकर करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने परंपरानुसार निर्जला व्रत रखकर भगवान गणेश, माता करवा और चंद्रदेव की पूजा-अर्चना की तथा अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा की तैयारियां कीं। हाथों में मेहंदी, माथे पर बिंदी, मांग में सिंदूर और पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव से



व्रत की परंपराओं का निर्वहन किया। घरों में पूजा की थालियां सजाई गईं और महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनकर व्रत का संकल्प पूरा किया। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं को चंद्रमा के उदय होने का बेसब्री से इंतजार रहा। छलनी से चंद्रदेव और अपने पति के दर्शन किए, अर्घ्य अर्पित किया तथा पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इस दौरान पतियों ने भी अपनी जीवनसंगिनी को शुभकामनाएं देकर उनके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।

करवा चौथ के अवसर पर नई बस्ती स्थित सचदेवा कंपाउंड में सामूहिक करवा चौथ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विधि-विधान के साथ करवा चौथ का पूजन कर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजन किया। इस दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा और महिलाओं ने एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं।

विद्यार्थियों को कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिये किया प्रेरित

प्राकृतिक खेती और उद्यान उपकरणों के उपयोग का विद्यार्थियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती एवं उद्यान संरचना में उपयोग होने वाले उपकरणों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे विद्यार्थियों को कम लागत वाली कृषि तकनीकों, जीरो बजट फार्मिंग और स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत करा रहे हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान कर कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की अवधारणा और उसके लाभों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञ ने बताया



कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक खाद, कीटनाशकों और बाहरी कृषि इनपुट पर निर्भरता कम करते हुए गोबर, गोमूत्र, हरी खाद, जीवामृत और केंचुआ खाद जैसे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। यह पद्धति पर्यावरण संरक्षण में सहायक होने के साथ किसानों की लागत कम करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों के अंतर्गत जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, आग्नेयास्त्र, मल्चिंग एवं आवरण खेती, केंचुआ खाद, पंचगव्य, सहफसली खेती और फसल चक्र के बारे में तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इन विधियों के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, फसलों को स्वस्थ रखने और कृषि लागत कम करने के उपाय समझाए गए।

प्रशिक्षण के दूसरे चरण में विद्यार्थियों को उद्यानिकी कार्यों में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों की जानकारी देकर उनके व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया गया। इसमें हाथ से चलने वाले उपकरणों के अंतर्गत हैंड कल्टीवेटर, डिब्लर, कुदाली, फावड़ा, निराई-गुड़ाई के उपकरण, चाकू, कलम कैंची, घास काटने की कैंची, झारा, पानी देने के उपकरण, गैंती, खुरपी, बेलचा, आरी और कुल्हाड़ी सहित अन्य उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। खेती में बिजली अथवा अन्य शक्ति से चलने वाले उपकरणों तथा सिंचाई की आधुनिक तकनीकों के बारे में भी बताया गया। विद्यार्थियों को स्प्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उद्यानों में उपयोग, महत्व तथा पानी के प्रबंधन की जानकारी दी।

दो दिवसीय प्रशिक्षण में बच्चों को सिखाए ICT उपकरणों के उपयोग के तरीके

दृष्टिदिव्यांग बच्चों को मिले लैपटॉप, स्मार्टफोन और डेजी प्लेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दृष्टिदिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी शैक्षणिक बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं ICT उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केंद्र कटनी के मार्गदर्शन तथा साइटसेवर्स इंडिया द्वारा संचालित समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में दृष्टिदिव्यांग बच्चों को आधुनिक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के दौरान 8 डेजी प्लेयर, 6 स्मार्टफोन और 3 लैपटॉप वितरित किए गए।





साथ ही दृष्टिदिव्यांग बच्चों एवं उनके एनिमेटर्स को ICT उपकरणों के उपयोग और प्रतिपूरक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि बच्चे तकनीक की मदद से अपनी पढ़ाई सरलता और सुगमता से कर सकें।

पढ़ाई होगी आसान

प्रशिक्षण के दौरान भोपाल से आए प्रशिक्षक संतोष खरे ने बच्चों को डेजी प्लेयर, स्मार्टफोन एवं लैपटॉप के माध्यम से अध्ययन करने की तकनीक समझाई। उन्होंने उपकरणों के प्रभावी उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि सहायक तकनीक दृष्टिदिव्यांग बच्चों के लिए अध्ययन को अधिक सुलभ, सरल और गुणवत्तापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस पहल का उद्देश्य दृष्टिदिव्यांग बच्चों को समान शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना, उनमें आत्मनिर्भरता विकसित करना तथा समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है, जिससे वे आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपनी पढ़ाई बेहतर तरीके से कर सकें। उपकरण वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी एवं एपीसी अनिल त्रिपाठी ने बच्चों को उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर साइटसेवर्स इंडिया के जिला कार्यक्रम प्रमुख भरत पटेल, फैसिलिटेटर शिव शंकर एवं प्रवेश पटेल तथा एमआरसी कटनी लव कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

रेत के अवैध परिवहन पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए रेत से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। दोनों वाहनों में रेत के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिले। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस के अनुसार, 27 अक्टूबर को भ्रमण के दौरान ग्राम भुडसा में मुसरा नाला के पास लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर मिला, जिसकी ट्रॉली में रेत भरी हुई थी। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।वहीं, 28 अक्टूबर को ग्राम बसाड़ी के मेन रोड पर पुलिस को एक अन्य महिंद्रा ट्रैक्टर मिला। इसकी ट्रॉली में भी रेत भरी हुई थी। पूछताछ में चालक ने अपना नाम लकी सिंह, पिता फूल सिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम गणेशपुर, थाना बड़वारा बताया। चालक से रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया है। पुलिस ने संबंधित मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 के तहत कार्रवाई की है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक महेश प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक रामनाथ साकेत, प्रधान आरक्षक नितेश डोंगरे एवं आरक्षक रंजीत सिंह की विशेष भूमिका रही।

खबर संक्षेप

सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों की दी जानकारी

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बुधवार को तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश श्रीमती पूर्वी तिवारी ने उपस्थित पक्षकारों को सामाजिक न्याय से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। शिविर का उद्देश्य आमजन को सामाजिक न्याय से जुड़े प्रावधानों के प्रति जागरूक करना तथा विधिक अधिकारों और न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान उपस्थित पक्षकारों को संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्रयासी, अटल बिहारी बाजपेयी सहित न्यायालयीन स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सतर्कता सेमिनार में पारदर्शिता और जवाबदेही पर दिया गया जोर

कटनी। कटनी स्टेशन पर सतर्कता जागरूकता के तहत एक 'सतर्कता सेमिनार' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रेलवे के विभिन्न विभागों के पर्यवेक्षकों और रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार के दौरान दैनिक रेल संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, सतर्कता और जवाबदेही बढ़ाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि निष्ठा और सतर्कता के साथ कार्य करने से न केवल रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि यात्रियों का रेलवे के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ होता है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों ने अपने विचार साझा किए और रेलवे के विकास तथा निष्पक्ष कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

झारिया मेहरा समाज की बैठक में सामाजिक विकास पर हुआ मंथन



उमरियापान। झारिया मेहरा समाज की बैठक पचपेढ़ी स्थित झारिया धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास, उत्थान और सामाजिक कुरीतियों में सुधार को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मृत्युभोज में संकुचन लाने, वाहन दुर्घटना में पशुओं की मौत होने पर दोष निवारण की परंपरा तथा रुपनाथ धाम में समाज की धर्मशाला निर्माण कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा समाज की एकता, सामाजिक उत्थान और विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार रखे गए। बैठक में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने सामाजिक विषयों पर अपने विचार साझा किए और समाज के हित में आवश्यक पहल करने पर चर्चा की। इस अवसर पर समाज के सदस्य एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध और नशामुक्ति के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

समाज निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका सकारात्मक बदलाव के लिये किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग की सामुदायिक पुलिसिंग पहल के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून, संविधान, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, साइबर अपराध, नशामुक्ति और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कटनी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, पर्यावरणविद् एवं मानवजीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा, डीएसपी एजेके एवं सीएसपी अनिमेष द्विवेदी एवं डॉ. माधुरी गर्ग ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को जागरूक, सजग और सक्रिय रहकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने तथा कानून और संविधान की समझ विकसित करने का आह्वान किया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर देकर उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को समझने, कानून के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिम्मेदार नागरिक के रूप में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने कानून, साइबर सुरक्षा, यातायात सुरक्षा एवं सामाजिक दायित्वों से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। रत्नेश मिश्रा ने फर्स्ट रिस्पॉन्डर पुलिस, आपातकालीन सेवाओं एवं आपदा प्रबंधन के बारे में बताया। अनिमेष द्विवेदी और अनूप सिंह ने नशामुक्ति, हिंसा निवारण एवं सड़क सुरक्षा पर विचार साझा किए। अखिलेश दहिया ने आपराधिक न्याय व्यवस्था के सिद्धांतों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी, जबकि डॉ. के.पी. मिश्रा ने संविधान, कानून की नींव और मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डाला।

डॉ. आर.पी. मिश्रा, डॉ. संगीता बसरानी ने समावेशी समाज, घरेलू हिंसा तथा महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विभांशु कोरी एवं सत्येंद्र सिंह ने साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल नागरिकता और इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग के बारे में बताया। श्री सागर पटेल ने एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक दृष्टिकोण एवं दायित्वों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मानवजीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, डॉ जयप्रकाश अवस्थी ने मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम से संबंधित विषयों पर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने मानसिक संतुलन बनाए रखने, तनाव से निपटने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत, प्रो. विनय वाजपेई, प्रो. जी.एम. मुस्तफा, डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ लक्ष्मी द्विवेदी सहित महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

1713 आंगनबाड़ी केंद्रों और विभागीय संस्थाओं में आज से चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 30 अक्टूबर को जिले में एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 'विशेष अभियान 6.0' के अंतर्गत जिले के समस्त 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों, बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप सेंटर, सखी निवास और शक्ति सदन में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य विभागीय संस्थाओं को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है।

अभियान के अंतर्गत मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 से जुड़े जिला एवं परियोजना कार्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष साफ-सफाई की जाएगी। कार्यालयों और केंद्रों के सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग, रंग-रोगन, आवश्यक मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। परिसर में अनुपयोगी एवं अव्यवस्थित स्थानों को व्यवस्थित कर उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। इसके अंतर्गत पौधरोपण, जैविक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन तथा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के संग्रहण, पृथक्करण और सुरक्षित निपटान जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप सेंटर, सखी निवास और शक्ति सदन में पानी की टंकियों की सफाई, शौचालयों का सैनिटाइजेशन तथा खिड़कियों की जालियों सहित संस्थागत परिसरों की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। अभियान के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा।

समाधान पर विशेष जोर

30 अक्टूबर को जनसमस्या निवारण दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। इस दौरान पोषण सेवाओं और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित शिकायतों के अधिकतम निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराना है।

835 युवाओं ने कराया पंजीयन, 32 को अप्रेंटिसशिप का अवसर

युवा संगम मेले में 519 युवाओं का प्राथमिक चयन, 19.36 लाख रुपये के ऋण वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों ने कुल 2,534 रिक्त पदों के लिए युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

मेले में 835 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 519 का विभिन्न कंपनियों द्वारा प्राथमिक चयन किया गया। वहीं, 32 युवाओं को अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को 19 लाख 36 हजार रुपये की ऋण राशि वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी उपस्थित रहे। उनके साथ सुनील उपाध्याय, रवि खरे, यज्ञदत्त, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र बरखेड़कर, जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सुषमा विश्वकर्मा तथा शासकीय आईटीआई कटनी के प्राचार्य देवेश कुमार मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि दीपक टंडन सोनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए शासन की रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में आयोजित इस पहल की सराहना की।

मेले में आदिम जाति कल्याण, पशुपालन, जिला उद्योग केंद्र, पिछड़ा वर्ग, वित्त, स्वास्थ्य एवं उद्यानिकी विभाग सहित रोजगार और स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न विभागों ने सहभागिता की। विभागीय अधिकारियों ने युवाओं एवं हितग्राहियों को शासन की योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों और पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की, ताकि वे अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार योजनाओं का लाभ ले सकें। जिला रोजगार कार्यालय के करियर काउंसलरों एवं विषय विशेषज्ञों ने युवाओं को करियर चयन, कौशल विकास, निजी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं और स्वरोजगार के विकल्पों के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

समितियों की जिम्मेदारी एवं भूमिका की दी जानकारी



विकासखंड ढीमरखेड़ा के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावृद्धि प्रशिक्षण महनेर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में करौंदी, खंदवारा, परसेल, पिपरिया शुक्ल और मुरवारी की प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों ने सहभागिता की। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने विभागीय परिचय, प्रस्फुटन समितियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। ढीमरखेड़ा सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू ने समितियों को स्वैच्छिक संगठन के रूप में उन्नयन करने के विषय में मार्गदर्शन दिया। परामर्शदाता अंकित झारिया ने संवाद कौशल की आवश्यकता, तकनीक और उसके विभिन्न चरणों की जानकारी साझा की प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ग्राम विकास में प्रस्फुटन समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समितियों के सदस्य जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति, जैविक खेती और श्रमदान जैसे कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे सकते हैं। प्रतिभागियों को इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई गई तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ

जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिला चिकित्सालय कटनी में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. चांदनी रिमझा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा जन-जागरूकता के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में डॉ. रवि सोनी, डॉ. विजय भानसिंह, डॉ. निर्मला पांडे, डॉ. निष्ठा पटेल, डॉ. संदीप नामदेव, सिस्टर ललिता एक्का और डॉ. शिवरात्रि साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में दिलाई जाएगी शपथ

कल मनाया जायेगा राष्ट्रीय एकता दिवस, जिले भर में आयोजित विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 3 से 5 किलोमीटर की रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिस बल, खिलाड़ियों, युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं के लिए निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, स्लोगन और लघु वीडियो प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के विषय एक भारत, श्रेष्ठ भारत और युवाओं की राष्ट्रीय एकता में भूमिका सहित अन्य प्रासंगिक विषय रखे जायेंगे।

सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश

कलेक्टर श्री तिवारी ने कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, आपातकालीन चिकित्सा, यातायात तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। आयोजन की प्रकृति के अनुसार संबंधित विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों को भी शामिल कर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों और शहीद सैनिकों के परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रमों में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं, ताकि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा खरखरी नं.1 प.ह.नं. 19 तहसील व जिला कटनी स्थित खसरा नं. 315, 317, 320, 551, जो कि जवाहरलाल स्व0 झोखा चौधरी के नाम पर राजस्व अभिलेख पर दर्ज है जो भूमि जवाहर लाल के पिता को उनके पिता ने अपनी आय से खरीदकर उनके नाम कराया था चूकि जवाहर लाल के तीन पुत्र / संतान गिरधारी लाल, बृजेश का एवं बारेलाल है पत्नी बिरसती बाई फौत है इनके अलावा जवाहरलाल की अन्य कोई संतान नहीं है। उक्त वर्णित भूमि आवेदक गिरधारीलाल, बृजेश एवं बारे लाल के बाबा झोखा की जमीन है जो भूमि पैत्रिक होने से नातियों को हक विधि अनुसार प्राप्त है किंतु जवाहर लाल द्वारा उक्त संपत्ति का बिना बंटवारा किए खुर्द-बुर्द /विक्रय करने के प्रयासरत है जो अवैध है जिसपर गिरधारी लाल वगैरह द्वारा व्यवहार न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खंड कटनी के समक्ष घोषणा कराने, बंटवारा पृथक कब्जा प्राप्त करने एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु दावा प्रस्तुत किया गया है जिसका व्यवहार वाद क्रमांक आर. सी.एस.ए. - 267/2026 हैं जो लंबित है, दावा लंबन दौरान तक कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई सौदा, अनुबंध पत्र, इकरारनामा, क्रय-विक्रय इत्यादि न करें अन्यथा उससे उत्पन होने वाले प्रमाणों की समस्त जबाबदारी उनकी / क्रेता की स्वंय कि होगी।
कटनी / दिनांक-29/10/2026
गिरधारी लाल चौधरी
पिता जवाहरलाल चौधरी
निवासी- ग्राम खरखरी नं. 1
तह. व जिला कटनी
मो.नं. 9685698767

कृषि उपज मंडी में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन

कृषि नवाचारों और योजनाओं के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। स्टॉल के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारियां प्रदान की गई।

कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन एवं आधुनिक खेती को बढ़ावा देने वाले कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। इनमें ट्रैक्टर, मल्टी क्रॉप कटर, बेलर, स्मार्ट सीडर, एक्स्ट्रा रिपीटर यंत्र एवं सुपर सीडर प्रमुख रहे। किसानों को इन यंत्रों के उपयोग से फसल अवशेष प्रबंधन तथा खेती की लागत और श्रम को कम करने की जानकारी दी गई। एग्रीकल्चर ड्रोन के माध्यम से खेतों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी सहित अन्य तरल कृषि उत्पादों के छिड़काव की तकनीक प्रदर्शित की गई। साथ ही नैनो जिंक एवं नैनो कॉपर जैसे उत्पादों के उपयोग की जानकारी भी किसानों को दी गई।

मत्स्य विभाग द्वारा केज कल्चर एवं बायोफ्लॉक तकनीक के मॉडल और जानकारी प्रदर्शित की गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से संबंधित स्टॉल लगाया गया।

पशुपालन विभाग के स्टॉल पर सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक की जानकारी किसानों को दी गई। पशुपालकों को इसके उपयोग और लाभों से अवगत कराया गया।

आजीविका मिशन द्वारा स्व-सहायता समूहों के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। स्टॉल में किचन मसाले, केंचुआ खाद, मिट्टी के दीपक, चावल, शकरकंद एवं जैविक शुद्ध घी सहित कई उत्पाद रखे गए।

मानव जीवन विकास समिति द्वारा लगाए गए स्टॉल में श्री अन्न (मिलेट), हल्दी एवं अश्वगंधा जैसे उत्पाद प्रदर्शित किए गए। वहीं बजरंग जैव संसाधन केंद्र द्वारा जीवामृत, नीमास्त्र, अग्नास्त्र, मटका खाद एवं फूलवर्धक जैसे जैविक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

कृषि विभाग द्वारा कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा एवं चिया के बीज सहित विभिन्न फसलों और चिरौंजी का प्रदर्शन किया गया। स्टॉल के माध्यम से किसानों को मोटे अनाज एवं विविध फसलों की खेती को बढ़ावा देने तथा इनके उपयोग और संभावनाओं की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने सरसों की खेती को बढ़ावा देने के कटनी मॉडल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खेती को लाभकारी बनाने, किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करने की दिशा में कटनी जिले में किए जा रहे नवाचार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सराहा है। बलराम कृषि महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री ने कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की पहल से जिले में सरसों की खेती के क्षेत्राच्छादन रकबे में हुई वृद्धि को कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का उदाहरण माना।

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन में किसानों को सरसों की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका असर जिले में सरसों के बढ़ते रकबे, उत्पादन और उत्पादकता के रूप में सामने आया है। आंकड़े बताते हैं कि सरसों की खेती अब जिले में विस्तार की नई राह पर आगे बढ़ रही है।

3 वर्षों में बढ़ा सरसों का दायरा

वर्ष 2023-24 में जिले में सरसों का क्षेत्राच्छादन 13.5 हजार हेक्टेयर था। इस दौरान 19 हजार टन उत्पादन और 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर उत्पादकता दर्ज की गई। वर्ष 2024-25 में रकबा बढ़कर 17.8 हजार हेक्टेयर, उत्पादन 26 हजार टन और उत्पादकता 1460 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई।

वर्ष 2025-26 में सरसों का रकबा 18.8 हजार हेक्टेयर पहुंचने, उत्पादन 28.3 हजार टन तथा उत्पादकता 1510 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रहने का अनुमान है। इस तरह तीन वर्षों में सरसों की खेती का क्षेत्रफल और उत्पादन लगातार बढ़ा है।

वैकल्पिक फसलों से समृद्धि की नई उम्मीद

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि जिले के आदिवासी अंचलों ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद और बड़वारा क्षेत्र में किसान चिया और अश्वगंधा जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती भी कर रहे हैं। इससे किसानों को पारंपरिक खेती के साथ नए विकल्प अपनाने का अवसर मिल रहा है। सरसों सहित वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहन देने की यह पहल कृषि विविधीकरण को गति देने के साथ किसानों के लिए लाभ की नई संभावनाएं खोल रही है। मुख्यमंत्री ने कटनी कलेक्टर श्री तिवारी के इस प्रयास की सराहना करते हुए जिले में नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय प्रयास बताया।

खबर संक्षेप

जिले में रबी सीजन के लिए 20,864 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध

दमोह। रबी सीजन में किसानों को उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले की सभी 102 सेवा सहकारी समितियों एवं पांच डबल लॉक सेंटरों पर वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिले में डीएपी, एनपीके, पोटाश, सुपर फॉस्फेट एवं यूरिया सहित कुल 20,864 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने किसान भाइयों से अपील की है कि वे ई-विकास पोर्टल के माध्यम से अपना टोकन बुक कराकर खाद प्राप्त करें। उन्होंने कहा किसानों की सुविधा के लिए टोकन की निःशुल्क बुकिंग हेतु जिले की सभी 102 सेवा सहकारी समितियों, सातों एसएडीओ कार्यालयों तथा जिला मुख्यालय स्थित डीडीए कार्यालय में व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा यदि किसी किसान को टोकन बुक करने में असुविधा होती है, तो वह जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नं. 07812-314329 पर संपर्क कर अपनी समस्या बता सकता है। संबंधित समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने किसानों से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाद प्राप्त कर अपनी रबी फसलों की बुवाई समय पर पूर्ण करने का आग्रह किया। जिला प्रशासन का उद्देश्य किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराकर खेती-किसानी के कार्यों को सुचारू बनाए रखना है।

जन संवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम शिविर आज

दमोह। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शासन के दिशा-निर्देशों के पालन के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने 30 अक्टूबर को जनपद पंचायत पटेरा की चिन्हित 27 ग्राम पंचायतों में भ्रमण एवं निरीक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। जारी आदेशानुसार, संबंधित अधिकारी 30 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से निर्धारित ग्राम पंचायतों में उपस्थित होकर ग्रामीणों से संवाद करेंगे। इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्थित एवं संचालित शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। अधिकारियों को यह कार्यवाही दोपहर 2:30 बजे तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को ग्राम पंचायत कुम्हारी के सिंघवाहिनी प्रांगण में आयोजित होने वाले जन संवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम (शिविर) में उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बीएमएस मान्यता प्राप्त 40 यूनियनों की बैठक श्रमिक हितों पर मंथन

दमोह। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यालय भोपाल में 28 अक्टूबर 2026 को असंगठित क्षेत्र की 40 यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रमिकों की समस्याओं हितो और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में अखिल भारतीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार पांडे ने प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अखिल भारतीय मंत्री रामनाथ गणेशे, मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री राजेश, बीड़ी मजदूर संघ मध्य प्रदेश भोपाल के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र चौबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता हरण सिंह चंदेल की। बैठक में असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर संगठन आत्मक गतिविधियों को मजबूत बनाने, श्रमिक हितो के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करने पर जोर दिया गया।

सागर रेंज आईजी दमोह दौरा: तेंदूखेड़ा, तेजगढ़ और तारादेही थानों का किया औचक निरीक्षण

थाना परिसर में किया वृक्षारोपण, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली गुरुवार को दमोह जिले के दौरे पर रहे उन्होंने तेंदूखेड़ा पुलिस अनुविभाग के तीन थानों - तेजगढ़, तेंदूखेड़ा और तारादेही का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद वे सागर रवाना हो गए। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे IG इरशाद वली सबसे पहले तेजगढ़ थाना पहुंचे इसके बाद उन्होंने तेंदूखेड़ा और अंत में तारादेही थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह लोधी, तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर और तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुड़े सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा तीनों थानों में पुलिस स्टाफ ने IG को सलामी दी IG वली ने तीनों थाना परिसरों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। तेजगढ़ थाने में बने पुराने और कंडम हो चुके पुलिस क्वार्टरों को हटवाने और पुराने थाना परिसर में भी स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मानचित्र से लेकर महिला हेल्प डेस्क तक का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान IG ने थाना क्षेत्र के मानचित्र, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, CCTNS और शिकायत पंजियों का बारीकी से निरीक्षण किया। लंबित अपराधों, शिकायतों और मर्ग की फाइलों की समीक्षा कर उनके त्वरित निराकरण और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए

कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

IG ने क्षेत्र में अपराधों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों पर निगरानी रखने, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नियमित गश्त बढ़ाने, फरार आरोपियों की धरपकड़ में तेजी लाने तथा लंबित मामलों के त्वरित निराकरण पर ध्यान देने को कहा। साथ ही आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनने, उनका समय पर निराकरण करने, आम नागरिकों से शालीन व्यवहार रखने और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

तेजगढ़ थाना निरीक्षण के बाद IG वली ने तेजगढ़ के अति प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मां विसर्जन घाट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ऐतिहासिक राजा तेजी सिंह किले का भ्रमण कर उसकी स्थिति देखी। अंत में उन्होंने पुलिस स्टाफ को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता के साथ ड्यूटी करने एवं जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की नसीहत दी। IG के इस दौरे से तेंदूखेड़ा अनुविभाग की पुलिस में नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे लोग

क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं से बड़ी ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

चक्रवात के प्रभाव से समूचे क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। विगत बुधवार को हुई बूंदाबांदी के चलते वातावरण में ठंडक बढ़ गई है। लगातार ठंडी हवाओं के कारण लोगों को ठिठुरन का एहसास होने लगा है। मौसम में आए इस बदलाव के बीच लोग ठंड से राहत पाने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं।

बूंदाबांदी के चलते जहां सड़कों और खुले स्थानों पर लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, वहीं सुबह और शाम के समय ठंड का असर भी महसूस किया जा रहा है। अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर भी मजबूर कर दिया है। हटा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम में आए बदलाव का असर आम जनजीवन पर दिखाई दे रहा है। खुले में काम करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर दिहाड़ी मजदूरों, छोटे व्यापारियों और सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों के लिए ठंड और बारिश चुनौती बन सकती है। वहीं, मौसम के बदलते रुख को देखते हुए किसानों की चिंता भी बढ़ सकती है। खेतों में कटी हुई फसल और कटाई के लिए तैयार धान को सुरक्षित रखने के लिए किसानों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। चक्रवात के प्रभाव के बीच लोगों को मौसम संबंधी आधिकारिक चेतावनियों पर ध्यान देने की जरूरत है।

बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। हालांकि बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नव का गुरुवार शाम तक हटा अनुविभाग में कोई खास असर नहीं दिखा। हटा शहर में बुधवार को रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी होती रही, जबकि हवा की रफ्तार भी धीमी रही। मौसम में बदलाव के बावजूद जनजीवन सामान्य रहा और दैनिक गतिविधियां प्रभावित नहीं हुई। जबकि अभी भी दमोह जिले में मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है।

देश का भविष्य युवाओं के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित- भाजपा जिलाध्यक्ष

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने किया ऐतिहासिक काम हर 3 किलोमीटर पर है मिडिल स्कूल - राज्यमंत्री



दमोह। प्रदेश में अब हर 3 किलोमीटर के दायरे में एक मिडिल स्कूल और हर 5 किलोमीटर के अंदर एक हाई स्कूल खोला गया है। इसके साथ ही, हर चार हाई स्कूलों के बीच में एक हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना की गई है, ताकि बच्चों को शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधा मिल सके। इस आशय की बात आनंद विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने पथरिया कॉलेज आडोटोरियम के हॉल में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कही। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा आज किसी भी स्कूल में जाकर देखा जा सकता है कि वहां पढ़ने वाले बच्चों में बेटियों की संख्या हमेशा ज्यादा मिलती है। उन्होने कहा पढ़ाई और शिक्षा व्यवस्था पर जितना ध्यान इस सरकार ने दिया है, उतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्होंने कहा स्कूल और कॉलेज में यह सभी बेहतर व्यवस्थाएं इसलिए दी जा रही हैं क्योंकि आज के बच्चे ही हमारा भविष्य हैं। उन्होंने कहा यही बच्चे और युवा आगे चलकर यह तय करेंगे कि हमारे देश की आगे की दिशा और दशा क्या होगी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनके उचित समाधान दिए गए। राज्यमंत्री ने कहा ऐसे कार्यक्रम निरंतर होने चाहिए ताकि युवाओं के मन में उठने वाले सवालों के सही उत्तर मिल सकें। उन्होंने सभी को आगामी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई भी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने युवा संवाद' एवं 'प्रबुद्ध जन संवाद' कार्यक्रम के दौरान अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं की क्षमता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा देश का भविष्य युवाओं के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने युवाओं को देश की प्रगति, विकास और सकारात्मक बदलाव का महत्वपूर्ण आधार बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, महेश पटेल, संजय सेन, राघवेन्द्र सिंह परिहार, मनीष सोनी, मनीष तिवारी, भरत यादव, सुरेश पटेल, प्रमोद विश्वकर्मा, खरगराम पटेल, सुंदरलाल विश्वकर्मा, लोकेंद्र पटेल लकी, रमेश कुशवाहा, धर्मेन्द्र लोधी, शिवेंद्र तिवारी, वैभव तिवारी, राजुल चौरहा, कृष्णा पटेल, हरि रजक, कुलदीप पटेल, अंकित पटेल, बद्री विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन एवं युवाओ की सहभागिता रही।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर कलेक्टर सख्त, 1540 शिकायतों के निराकरण के निर्देश

राजस्व विभाग में सर्वाधिक 626 शिकायतें लंबित, कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत कलेक्टर आईडी (एल-3) पर लंबित शिकायतों के निराकरण को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। 29 अक्टूबर 2026 की स्थिति में कलेक्टर आईडी (एल-3) पर विभिन्न विभागों की कुल 1540 शिकायतें लंबित हैं। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दर्ज शिकायतों का परीक्षण कर उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त किन्ही शिकायतों में शिकायतकर्ता अपात्र पाये जाने की स्थिति सामने आती है, उनमें नियमानुसार फोर्स क्लोज अथवा मांग क्लोज का प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया जाए।

राजस्व विभाग में सबसे अधिक शिकायतें लंबित

विभागवार लंबित शिकायतों में राजस्व विभाग 626 शिकायतों के साथ पहले स्थान पर है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की 468, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की 106 तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की 104 शिकायतें लंबित हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की 78, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की 63 तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 47 शिकायतें लंबित हैं। शेष विभागों में सामान्य प्रशासन विभाग की 10, वाणिज्यिक कर विभाग की 9, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की 7, श्रम विभाग की 6, सहकारिता विभाग की 5, परिवहन विभाग की 4, खनिज साधन विभाग की 3, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की 2 तथा जनजातीय कार्य और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की एक-एक शिकायत लंबित है। राजस्व विभाग की तहसीलवार लंबित शिकायतों में दमोह तहसील में 193, बटियागढ़ में 123, जबेरा में 75, पटेरा में 68, दमयंतीनगर में 62, हटा में 48, तेंदूखेड़ा में 29 तथा पथरिया तहसील में 28 शिकायतें लंबित हैं। श्री यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा शिकायतकर्ताओं को संतुष्टिपूर्ण समाधान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

पटेरा में बीज वितरण व्यवस्था सुधारने अधिकारियों ने संभाली कमान

पटेरा। पटेरा में बुधवार को बीज वितरण के दौरान सामने आई अव्यवस्था के बाद गुरुवार को किसानों को व्यवस्थित तरीके से बीज उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियो ने वितरण व्यवस्था की निगरानी अपने हाथ में ली। दमोह से सहायक संचालक कृषि विभाग जे.एल प्रजापति पटेरा स्थित कृषि कार्यालय पहुंचे और बीज वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। किसानों की सुविधा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पटेरा पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग के पटवारी और कोटवार भी तैनात रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों को व्यवस्थित तरीके से बीज वितरण कराने के प्रयास किए गए।

विद्यार्थियों ने जाना थानों का कामकाज

एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया समझी



दमोह। जिला पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल के तहत 'जन सुरक्षा–युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कोतवाली, महिला थाना और अजाक थाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया की उपस्थिति में आयोजित भ्रमण में विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली और कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कोतवाली में विद्यार्थियों को शिकायत दर्ज कराने, एफआईआर की प्रक्रिया, ड्यूटी रोजनामचा, मालखाना और हवालात से जुड़े कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान ने छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क, पीड़ित सहायता केंद्र, परिवार परामर्श केंद्र तथा महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया समझाई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 और 181 की जानकारी दी गई। अजाक थाने में विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों के संरक्षण, संबंधित कानूनी प्रावधानों और विशेष सहायता प्रकोष्ठ की भूमिका के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के मन से पुलिस के प्रति भय और संकोच दूर करना, कानून के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा उन्हें जागरूक नागरिक बनाना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

दस दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



हटा। शासकीय महाविद्यालय हटा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वाधान में आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना तथा उनके कैरियर एवं रोजगार संबंधी संभावनाओं को सुदृढ़ करना रहा। दस दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी, फाइल एवं फोल्डर प्रबंधन, एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, पावरपॉइंट तथा इंटरनेट के उपयोग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक की समझ विकसित करने तथा अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कार्यों में कंप्यूटर का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार अहिरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन समारोह में प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान एवं कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी नरेश कोरी, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती आशा राठौर, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी चंद्रशेखर पाटस्कर, सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र डॉ. महादेवा सिंह जाट सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गवेंश राजपूत ने किया।

प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न



पटेरा/ दमोह। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 को विकासखंड पटेरा के कुण्डलपुर सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया द्वारा ग्राम सगोनी उपाध्याय में प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सगोनी उपाध्याय, बिलगुवां, बिछिया, सिंगपुर एवं कुण्डलपुर की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य, महिलाओं एवं ग्रामीणजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत पटैल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत बर्रट के सरपंच मुरारीलाल प्यासी ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सचिव, जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड पटेरा समन्वयक राजकुमार जैन ने प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्षों, सचिवों एवं सदस्यों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा ग्रामीण विकास में समितियों की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान, जल संरक्षण, जैविक खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। राजकुमार जैन ने कहा कि गांव का समग्र विकास जनभागीदारी से ही संभव है। प्रस्फुटन समितियों को अपने-अपने गांव में नियमित बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा करनी चाहिए तथा स्वच्छता, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता बढ़ानी चाहिए। नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया के अध्यक्ष मुलाम राय ने समितियों को विभिन्न सामाजिक अभियानों की जानकारी देते हुए मासिक एवं साप्ताहिक बैठकों के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट की टीम में 11 खिलाड़ी मिलकर एक लक्ष्य के लिए कार्य करते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक गांव की 11 सदस्यीय प्रस्फुटन समिति को एक टीम के रूप में कार्य करना चाहिए। समिति के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए गांव को स्वच्छ, नशामुक्त एवं आदर्श ग्राम बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी, आपसी सहयोग और सामाजिक जागरूकता से गांव की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। प्रस्फुटन समितियों को गांव के लोगों को जोड़कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें दाल-बाटी, गक्कड़ एवं भर्ता की व्यवस्था रही। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक राजकुमार जैन ने उपस्थित सभी लोगों को अपने गांव को स्वच्छ, नशामुक्त एवं आदर्श ग्राम बनाने की शपथ दिलाई। उपस्थित सदस्यों ने ग्राम विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों में महेंद्र यादव, मनमोहन खंगार, उम्मेद यादव, सुरेंद्र बर्मन, रोहित राजपूत, नत्थू सिंह, सरस्वती यादव, रोशनी यादव, सुमय यादव, अशोकरानी यादव, हल्कीबहू यादव, हेमन्त राय, सचिन नामदेव, परामर्शदाता विजय तामकार सहित अनेक ग्रामीणजन एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जनभागीदारी के महत्व से अवगत कराते हुए जल संरक्षण, जैविक खेती, स्वच्छता, नशामुक्ति एवं आदर्श ग्राम निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया गया।

फॉलोअप: खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन, तेज गति से शुरू हुआ काम



तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 9 में सड़क चौड़ीकरण के दौरान खोदी गई सड़क को लेकर खबर प्रकाशन के बाद नगर परिषद प्रशासन हरकत में आया है। प्रशासन ने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए खोदी गई सड़क किनारे साइड सोल्डर पर गिट्टी मसाला भराई का कार्य शुरू करा दिया है वार्ड 9 में मुख्य मार्ग से संदीपनी विद्यालय तक 12 फीट से 20 फीट किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में 6 दिन से साइड पट्टी खुदी पड़ी होने से रहवासियों को परेशानी हो रही थी, जिसकी खबर प्रकाशित की गई थी। खबर के बाद मौके पर जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉली और मजदूरों को लगाकर काम तेज किया गया। इस दौरान नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर स्वयं मौके पर मौजूद रहे और उनकी निगरानी में ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि निर्माण कार्य के चलते दिनभर कई बार जाम की स्थिति बनी रही और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन लंबे समय से धीमी गति से चल रहे काम में तेजी आने से वार्डवासियों ने राहत महसूस की है।

विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम में टाइम्स कॉलेज के दो खिलाड़ियों का चयन



दमोह। सागर के बीटीआई कॉलेज में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टाइम्स कॉलेज दमोह के खिलाड़ी आशीष साहू एवं रामसेवक गोंड का अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी टीम में चयन हुआ है। प्रतियोगिता में टाइम्स कॉलेज दमोह, बीटीआईई कॉलेज सागर, यूटीडी सागर एवं बीकेपी कॉलेज मालथौन की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बीटीआईई कॉलेज सागर ने जीता। प्रतियोगिता के बाद चारों टीमों के खिलाड़ियों के ट्रायल के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम गठित की गई, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने स्थान बनाया। चयनित खिलाड़ी आगामी वेस्ट जोन प्रतियोगिता में सागर विश्वविद्यालय की ओर से खेलेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक, प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

आसमान में घने बादल छाने से देर रात तक नहीं हुआ चांद का दीदार, पति के हाथों से पानी पीकर तोड़ा व्रत

महिलाओं ने रखा निर्जला करवा चौथ का व्रत, पति की लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पति-पत्नी के बीच अटूट प्यार स्नेह के प्रतीक का पर्व करवा चौथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की सुबह चतुर्दशी गुरुवार की सुबह महिलाओं ने सुबह सूर्योदय के पूर्व स्नान कर सरगी देते हुए निर्जला व्रत का शुभारंभ किया और दिन भर बिना पानी पिए निराहार रहकर शाम को महिलाओं ने दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार से सज धजकर पूजन की तैयारी की इस दौरान सुहाग की सलामती के लिए दुल्हन के रूप में सजी संवरी महिलाएं खुद किसी चांद से कम नजर नहीं आ रही थी। पति का आशीर्वाद पाने और चंद्र दर्शन की पूजा करने के लिए पत्नियों ने दिन भर निर्जला व्रत रखा और शाम ढलते ही बेसब्री बढ़ गई चंद्रमा का पूजन करने के लिए महिलाएं कर आसमान में देख रही थी लेकिन आसमान में घने बादल छाने के कारण चंद्रमा का दीदार निर्धारित समय से बहुत देर बाद हुआ। महिलाएं अपनी-अपनी छतों पर पूजन अर्चन कर देर रात तक चांद के दीदार हेतु टकटकी लगाए





देखती रही। महिलाओं ने विधि विधान के साथ भगवान शिव पार्वती गणेश माता चतुर्थी के समस्त दीपक जलाकर मिट्टी के करवे का पूजन अर्चन कर सुहाग की सामग्री अर्पित करते हुए करवा चौथ की कथा सुनकर भगवान की आरती वंदना कर बादलों के बीच छलनी से चांद को निहारकर देखा और उन्हे प्रणाम करते हुए अर्ध देकर पति परमेश्वर के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का समापन किया और कहा कि जब तक गंगा मैया में पानी रहे तब तक सजना तेरी जिंदगानी रहे। पूजन के दौरान अधिकांश जगह ऐसा नजारा प्रतीत हो रहा था जैसे चांद आहे भरेगा फूल दिल थाम लेंगे, हुस्न की बात चली तो सब तेरा नाम लेंगे। चांद की ठंडक के नीचे और तारों भरी छांव में नख से शिख तक सजी-धजी महिलाओं द्वारा पिया की याद में गीत गुनाते सुनाई दे रहे थे इस दौरान अनीता ठाकुर अदिति पाठक ने बताया कि करवा चौथ का पर्व प्रेम दाम्पत्य का अनूठा पर्व है जिसमें चांद को साक्षी मानकर किए जाने वाली हर रस्म के माध्यम से यही संदेश मिलता है कि किस प्रकार इस जन्म जन्मांतर के संबंध को और अधिक प्रगाढ़ बनाया जाए।

सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत, पति की दीर्घायु की कामना की



रनेह। नगर रनेह सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं ने सुबह से ही व्रत की तैयारियां शुरू कर दी थीं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार से सजकर पूजा-अर्चना की तथा करवा चौथ की कथा सुनी। शाम को चंद्रमा के दर्शन और पूजन के बाद अर्घ्य अर्पित कर पति के हाथों जल ग्रहण करके व्रत का पारण किया। पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। घरों में पूजा की तैयारियां की गईं और परिवारों में त्योहार की खुशियां छाई रहीं। करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

दीपावली पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तीन नए पार्किंग स्थल होंगे शुरू

फुटपाथ पर दुकानें लगाने और सड़क पर सामान रखने से यातायात बाधित न हो

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश, सड़कों के गड्ढे और पुलों की खामियां होंगी दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दीपावली पर्व के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित अधिकारियों को सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराने तथा शहर में व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि खासतौर पर मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा सभी नागरिकों को सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सड़कों पर जहां भी गड्ढे हैं, उन्हें समय पर भरवाया जाए। पुलों में कई स्थानों पर सरिया/तार निकले होने की शिकायतें मिली हैं, जिनका निराकरण कर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। दीपावली के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए चयनित तीन नए पार्किंग स्थलों को चालू कराने के लिए नगरपालिका सीएमओ को निर्देशित किया गया है।



फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण हटाने पर जोर

कलेक्टर ने कहा फुटपाथ पर दुकानें लगाने से यातायात प्रभावित होता है और जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसे व्यवस्थित करने के लिए दुकानदारों को तहसील परिसर में दुकानें लगाने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों की निर्धारित सीमा तक ही सामान रखें और सड़क पर सामान फैलाकर न रखें, ताकि आम नागरिकों को असुविधा न हो तथा यातायात सुचारु बना रहे।

श्रीखंड स्कूल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने श्रीखंड स्कूल परिसर में मौजूद अतिक्रमण हटाने तथा वहां की खराब स्थिति वाली बिल्डिंग का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा परिसर को पार्किंग के लिए उपयोगी बनाने पर काम किया जाए, जिससे नागरिक अपने वाहन सुरक्षित स्थान पर खड़े कर सकें और आसानी से बाजार में खरीदारी कर सकें। इससे बाजार क्षेत्र में वाहनों का दबाव कम होगा और यातायात व्यवस्था बेहतर बनेगी।

ऑटो पार्किंग व्यवस्था को भी बनाया जाएगा सुविधाजनक

श्री यादव ने कहा अंबेडकर चौराहा के पास निर्धारित ऑटो पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर बनाने पर जोर दिया जाये। प्रयास किया जाएगा कि नागरिकों को कम दूरी पैदल चलना पड़े और ऑटो संचालन के साथ यातायात व्यवस्था भी व्यवस्थित बनी रहे। बैठक में व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा प्रशासन का प्रयास है कि यातायात व्यवस्था सुचारु रहने के साथ व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित न हो और आम नागरिकों को बाजार में आसानी से आवश्यक सामान उपलब्ध हो सके।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनरों ने दिया धरना



दमोह। प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन दमोह द्वारा 12 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट नवीन भवन के पास हनुमान मंदिर के सामने दो घंटे का धरना दिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण में शासन और जिला प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जताई।केसी जैन ने मांगों की जानकारी दी। वक्ताओं में एमएल सरैया, धन सिंह, एलएल नामदेव, आरके मिश्रा, दिनेश असाटी, प्रताप रोहित, नन्हे भाई पटेल और यूसी जैन सहित अन्य शामिल रहे।वक्ताओं ने समय पर महंगाई राहत स्वीकृत नहीं होने, न्यायालय के निर्णयों के बावजूद पेंशन प्रकरणों को लंबित रखने और पेंशनरों को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराने पर आपत्ति जताई। उन्होंने जिला स्तर पर पेंशनर संगठनों की नियमित बैठकें नहीं होने तथा शिक्षा विभाग और पीएचई में कर्मचारियों के लंबित इंक्रीमेंट प्रकरणों पर भी नाराजगी व्यक्त की।पेंशनर संगठनों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जिला प्रशासन के विरुद्ध व्यापक आंदोलन किया जाएगा। धरने में विभिन्न पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। अंत में प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं पेंशनर संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष स्वामी अशोक तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

छह माह की बेटी को सियार के जबड़े से छुड़ाने भिड़ी मां, दोनों घायल

तेंदूखेड़ा। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सर्रा वन परिक्षेत्र से लगे दुधिया गांव में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे जंगली सियार घर में घुस गया और छह माह की बच्ची प्रियंका को जबड़े में दबाकर ले जाने लगा। बेटी की चीख सुनकर मां सपना (29) जागी और सियार से भिड़कर बच्ची को छुड़ा लिया। संघर्ष के दौरान सियार ने मां पर भी हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन मां-बेटी को पहले सर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बच्ची के सिर, चेहरे और गर्दन पर गहरे घाव हैं। वन विभाग की टीम उनके साथ जबलपुर गई है। सूचना पर एसडीएम सीजी गोस्वामी अस्पताल पहुंचे और बेहतर उपचार के निर्देश दिए। सर्रा रेंजर संजीव रंजन ने बताया कि मां-बेटी का इलाज जारी है और वन विभाग हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगा। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। उन्होंने क्षेत्र में सियारों की निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा के उपाय करने की मांग की है। वन विभाग ने ग्रामीणों से रात में दरवाजे बंद रखने, जंगल में अकेले न जाने और सियार दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है।



दमोह में स्कॉर्पियो से 18 पेटी अवैध शराब जब्त, 5.90 लाख का मशरूका बरामद



दमोह। कोतवाली पुलिस ने पथरिया फाटक ब्रिज के पास से स्कॉर्पियो वाहन में लोड 18 पेटी अवैध शराब जब्त की है। शराब की कुल मात्रा 165 लीटर बताई गई है। पुलिस ने वाहन सहित कुल 5 लाख 90 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया है, जबकि चालक मौके से फरार है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 28-29 अक्टूबर की दरम्यानी रात मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने स्कॉर्पियो क्रमांक UP14BC0262 से 15 पेटी लाल मसाला और 3 पेटी देशी प्लेन शराब जब्त की। मामले में वाहन चालक गौरव ठाकुर निवासी हिंडोरिया, जिला दमोह के विरुद्ध अपराध क्रमांक 939/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। इनकी रही भूमिकाः कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष कुमार, उपनिरीक्षक सत्यभामा मिश्रा, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे तथा आरक्षक नरेंद्र पटेरिया, गनपत, कमल गुर्जर, प्रदीप चौधरी, भूपेंद्र पांडेय, योगेंद्र यादव, दीपचंद और भोला कुर्मी की भूमिका रही।

जीवन की नींव मजबूत बनाएं, छोटे-छोटे नियमों का दृढ़ता से पालन करें : मुनि श्री समतासागर जी

कुण्डलपुर। जीवन में सफलता के लिए मन की एकाग्रता, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास आवश्यक हैं।उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कुण्डलपुर में बड़े बाबा के चरणों का अभिषेक के पूर्व धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने से पहले हार मान लेना मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, मन का उत्साह बनाए रखना चाहिए। गुरुवर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित दोहों पर आधारित प्रातःकालीन स्वाध्याय सभा में उन्होंने कहा कि भगवान को मानने के साथ उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाना भी जरूरी है। मुनि श्री ने जीवन को खेल के मैदान से जोड़ते हुए धर्म, संयम और संकल्प का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जैन परंपरा में गृहस्थों के लिए श्रावकाचार तथा गृहत्यागियों के लिए मूलाचार निर्धारित है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार छोटे-छोटे नियमों से शुरुआत कर सकता है। जिस प्रकार छोटा बीज विशाल वटवृक्ष बनता है, उसी प्रकार छोटा संकल्प दृढ़ता से पालन करने पर जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। मुनि श्री ने मछुआरे की शास्त्रीय कथा के माध्यम से बताया कि एक व्यक्ति ने पहली मछली को अभयदान देने का नियम लिया और कठिन परिस्थिति में भी उसका पालन किया। कथा के अनुसार, उसके संकल्प, दृढ़ता और शांत भाव के प्रभाव से देवायु का बंध हुआ। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन केवल अनुकूल परिस्थितियों में नहीं, बल्कि परीक्षा की घड़ी में भी होना चाहिए। घर में त्याग और बाहर सुविधा के अनुसार छूट लेना संयम की भावना के विपरीत है। आचार्य श्री के दोहों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन का मोल समझना चाहिए। धर्मज्ञान, शास्त्र स्वाध्याय और गुरु-संगति से जीवन की वास्तविकता समझ में आती है। गृहस्थ अपनी पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियां निभाते हुए भी धर्म, नियम और संयम का पालन कर सकता है। आवश्यकता मन को तैयार करने और अपनी क्षमता के अनुसार संकल्प लेकर उसे दृढ़ता से निभाने की है, जो दृढ़तापूर्वक नियम का पालन करता है वह एक दिन मोक्ष पद को ग्रहण करता है। मुनि श्री के प्रवचन प्रतिदिन प्रातः बड़े बाबा के यहां मंच पर 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाते है तत्पश्चात अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान आदि क्रियाएं संपन्न होती है।

अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में दमोह के शिक्षक भूपेंद्र जैन करेंगे सहभागिता

दमोह। शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिमरी राजाराम में पदस्थ शिक्षक एवं बुंदेली कवि भूपेंद्र जैन विश्व हिंदी परिषद के आमंत्रण पर 30 एवं 31 अक्टूबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में सहभागिता करेंगे।'भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीः हिंदी, राष्ट्रवाद और सुशासन' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में भूपेंद्र जैन दमोह का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।आयोजन के मुख्य संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश जी हैं। सम्मेलन के संयोजक उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा हैं। इसके अध्यक्ष आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद हैं, जिन्हें पद्मश्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है। सम्मेलन का आयोजन विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं लेखक विपिन कुमार के निर्देशन में किया जा रहा है, जो भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं।भूपेंद्र जैन की इस सहभागिता पर उनके मित्रों, शिक्षक साथियों एवं साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



नाबालिग से युवक ने किया दुष्कर्म

हटा। थाना के नगरीय क्षेत्र में बीते दिवस एक नाबालिग से अपहरण छेड़छाड़ और दुष्कर्म करनें वाला मामला सामने आया है घटना उपरांत पीड़िता ने परिजनों के साथ हटा पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई जहां महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष नाबालिग ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी देते हुए कथन दर्ज कराए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। जानकारी के अनुसार हटा के नगरीय क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ आरोपी युवक द्वारा बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म जैसी संगीन घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित नाबालिग की शिकायत पर आरोपी फैजान खान उम्र 19 वर्ष के खिलाफ अपराध क्रमांक 553/26 धारा 137 (2) 65 (1) 64 (2) एम 351 (3) बीएनएस 3/4.5 एस/6 पाक्सो एक्ट 3(आई) डब्लू आई 3(2) व्ही.ए 3(2) एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

करवा चौथ पर दमोह पुलिस की पहल, दंपतियों को दिए हेलमेट



दमोह। करवा चौथ के अवसर पर दमोह पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर अभिनव पहल की। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने दोपहिया वाहन चालकों और उनकी पत्नियों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षा का संदेश दिया। करवा चौथ पति की लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना का पर्व है। इसी भावना को सड़क सुरक्षा से जोड़ते हुए एसपी ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को समझाइश दी और हेलमेट भेंट किए। इस दौरान एसपी ने कहा कि जीवन की सुरक्षा ही सबसे बड़ा उपहार है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है। छोटी-सी लापरवाही परिवार की खुशियां छीन सकती है। उन्होंने वाहन चालकों से बिना हेलमेट घर से बाहर नहीं निकलने तथा पीछे बैठने वाले सहयात्री को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने की अपील की। दमोह पुलिस का यह प्रयास यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

परस्वाहा गांव में दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

नोहटा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बनवार के ग्राम परस्वाहा में दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। गनीमत यह रही कि इस घटना में चोरों के हाथ कोई कीमती सामान नहीं लगा, लेकिन इस

खमरिया-बनवार से शराब लेकर बाइक से पहुंचे थे संदिग्ध, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए चोर

दुस्साहस ने इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने जरूरी कामों से घर से बाहर गए हुए थे। पीड़ित सोने सींग गौंड (36 वर्ष) पुत्र मुन्ना सींग गौंड निवासी ग्राम परस्वाहा ने पुलिस चौकी में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह सुबह खेत पर गए थे, उनकी पत्नी तालाब पर नहाने गई थीं और बच्चे स्कूल गए हुए थे, जिससे घर पूरी तरह खाली था।

पड़ोसियों की सूझबूझ से भागे चोर

इसी दौरान पड़ोस की हल्की बहू और उनकी पुत्री सोमवती गौंड जब कुएं से पानी भरकर लौट रही थीं, तो उन्होंने दरवाजे के सामने एक अपाचे मोटरसाइकिल खड़ी देखी, जिस पर दो लोग बैठे थे और एक अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर से बाहर निकल रहा था। संदेह होने पर जब उन्होंने ग्रामीणों को आवाज दी, तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार चोर दो बाइकों पर आए थे, जिनमें एक घर के सामने और दूसरी कुछ दूरी पर महुआ के पेड़ के पास खड़ी थी।

ग्रामीणों ने बताया कि ये संदिग्ध बाइक चोर वारदात के बाद भाटिया गांव की तरफ भागे थे और लौटते वक्त परस्वाहा गांव में एक घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार ये संदेही पहले खमरिया गांव में रुके थे, जहां से बड़ी माचिस (कट्टा) लेकर बनवार शराब दुकान पहुंचे और वहां से शराब लेकर परस्वाहा गांव की ओर निकले थे।

पेटियां खंगालीं, नहीं गया कोई कीमती सामान

घटना की सूचना मिलने पर जब गृहस्वामी घर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि चोरों ने घर के अंदर रखी दो पेटियों के ताले तोड़कर सामान और बैग बिखेर दिए थे। मामले को लेकर बनवार चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि अपाचे बाइक पर सवार तीन संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन चेहरे धुंधले होने के कारण फिलहाल स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की शिनाख्त के प्रयास तेजी से कर रही है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार घर से कोई कीमती सामान चोरी नहीं हुआ है, चोरों ने सिर्फ पेटियां खोलकर सामान खंगाला है।

इलाके में दहशत का माहौल

गौरतलब है कि शाला पटी ग्राम में सरपंच को बंधक बनाकर लूट की घटना की दहशत अभी लोगों के मन से कम भी नहीं हो पाई थी कि, महज एक पखवाड़े के भीतर यह दूसरी बड़ी घटना सामने आ गई है। इसमें बाइक चोरों ने समीपस्थ ग्राम परस्वाहा में सड़क किनारे बने मकान को निशाना बनाकर चोरी का प्रयास किया है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में रोष और भय का माहौल है, और उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से की सौजन्य भेंट

दमोह। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने मध्य प्रदेश में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा प्रगतिरत विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री लोधी ने दमोह जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जागेश्वरनाथ लोक, बांदकपुर में जारी विकास कार्यों के आगामी चरण को गति देने के लिए आवश्यक राशि जारी करने का अनुरोध किया, ताकि यहां विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा सकें। यह भेंट मध्य प्रदेश में संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास को नई गति देने तथा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

